''प्रथम सोपान स्वरूप ओवर नाइट कैम्प''

सेन्ट मोन्ट फोर्ट स्कूल के कक्षा 6 के छात्र–छात्राओं के लिए स्काउट एण्ड गाइड के ओवर नाइट कैम्प का आयोजन किया गया। इस कैम्प में कक्षा 6 के छात्र अपने अभिभावकों की सहमति से शामिल थे। प्रथम दिवस के भोजन के अतिरिक्त समस्त छात्र–छात्राओं के आवास एवं भोजन की व्यवस्था विद्यालय की ओर से की ओर से की गई थी।

इस कैम्प में समस्त छात्र दिनांक 1 अक्टूबर प्रातः से 2 अक्टूबर शाम 4 बजे तक रहे। इस कैम्प में छात्रों को अपना काम स्वयं करने तथा स्वच्छता का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। स्काउट एवं गाइड के प्रथम सोपान के पाठ्यक्रम की कक्षाएँ लगाई गई । विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करने के बाद रात के भोजन के बाद कैम्प फायर ''का कार्यक्रम था। कैम्प फायर के अनौपचारिक कार्यक्रम के इस भाग में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शिक्षिकों एवं छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। हसंते खिलखिलाते इन स्काउट एवं गाइडस ने इस कैम्प का भरपूर आनन्द उठाया। अपने सहपाठियों के साथ पठन–पाठन के अतिरिक्त होने वाली गतिविधियों से छात्र अति प्रसन्न थे।

विद्यालय की ओर से छात्र–छात्राओं के लिए स्व़च्छ–जल एवं पौष्टिक भोजन की व्यवस्था थी। उनके रहने हेतु आवास कक्ष साफ और सुसज्जित थे। छात्रों के एवं छात्राओं के रहने की अलग–अलग व्यवस्था थी। कक्षा शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ भी छात्रों के साथ विद्यालय परिसर में ही रूके थे। दूसरे दिन सभी छात्र–छात्राओं ने उल्लास एवं उमंग के साथ अपने अभिभावकों के साथ प्रस्थान किया।